प्रेस के लिए सूचना पत्र (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 98/2019)

तुरंत जारी करने के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

भादूविप्रा ने पांच शहरों यथा इलाहाबाद, गोवा, गुवाहाटी, कोट्यम और वाराणसी में आयोजित स्वतंत्र ड्राइव परीक्षणों पर रिपोर्ट जारी की।

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर, 2019: भादूविप्रा ने अपनी एजेंसी के माध्यम से पांच शहरों यथा इलाहाबाद, गोवा, गुवाहाटी, कोट्यम और वाराणसी में स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) आयोजित किए। ड्राइव परीक्षण वोइस और डेटा सेवाओं के लिए सेलुलर मोबाइल टेलीफोन सेवा प्रदाताओं द्वारा मुहैया कराई गई नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए किए गए थे। आयोजित किए गए ड्राइव परीक्षणों का विवरण नीचे दिया गया है: –

शहर

क्रम संख्या	शहर	लाइसेंसप्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए)	आईडीटी करने की अवधि	आईडीटी के परिणामों का सार
1)	इलाहाबाद	उत्तर प्रदेश–पूर्वी	24 से 26 जून, 2019	अनुलग्नक–क
2)	गोवा	महाराष्ट्र	24 से 28 जून, 2019	अनुलग्नक–ख
3)	गुवाहाटी	असम	24 से 28 जून, 2019	अनुलग्नक–ग
4)	कोट्यम	केरल	27 से 29 जून, 2019	अनुलग्नक–घ
5)	वाराणसी	उत्तर प्रदेश –पूर्वी	27 से 29 जून, 2019	अनुलग्नक–ड.

2. प्रमुख प्रदर्शन सूचक (केपीआई) का आकलन क्षेत्र में सक्रिय सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के नेटवर्क के मूल्यांकन के लिए किया गया था। वोइस़ सेवाओं के लिए केपीआई में शामिल हैं; कॉल सेटअप सफलता दर (सीएसएसआर); ड्रॉप कॉल दर; ब्लॉक कॉल दर, हैंडओवर सफलता दर; आरएक्स गुणवत्ता। डेटा सेवाओं के लिए केपीआई में शामिल हैं: डाउनलोड और अपलोड थ्रूपुट, वेब ब्राउजिंग देरी, वीडियो स्ट्रीमिंग विलंब और विलंबता । पूरी रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.analytics.trai.gov.in पर उपलब्ध है

3. ड्राइव परीक्षण के मुख्य निष्कर्ष नीचे संक्षेप में दिए गए हैं:

(क) इलाहाबाद शहर: केवल वीआईएल (वोडाफोन) वीओएलटीई को छोड़कर सभी टीएसपी ने ड्रॉप कॉल दर के ≤2% को पूरा किया। सभी टीएसपी सीएसएसआर का =95% को पूरा कर चुके हैं। क्रमशः एयरटेल और वीआईएल (आइडिया) के 3जी और 4जी नेटवर्क में अधिकतम थ्रूपुट देखे गए हैं।

(ख) गोवा शहर: केवल टाटा 2जी, वीआईएल (आइडिया) 2जी, एयरटेल 3जी, बीएसएनएल 3जी, वीआईएल (वोडाफ़ोन) वीओएलटीई को छोड़कर सभी टीएसपी ने ड्रॉप कॉल दर के ≤2% को पूरा किया। वीआई (वोडाफोन) 3जी को छोड़कर सभी टीएसपी सीएसएसआर का =95% को पूरा कर चुके हैं। क्रमशः एयरटेल और वीआईएल (वोडाफोन) के 3जी और 4जी नेटवर्क में अधिकतम थ्रूपुट देखे गए हैं।

(ग) गुवाहाटी शहर: केवल बीएसएनएल 3जी को छोड़कर सभी टीएसपी ने ड्रॉप कॉल दर के ≤2% को पूरा किया। सभी टीएसपी सीएसएसआर का =95% को पूरा कर चुके हैं। क्रमशः बीएनएल और एयरटेल के 3जी और 4जी नेटवर्क में अधिकतम थ्रूपुट देखे गए हैं।

(घ) कोट्यम शहर: छोड़कर सभी टीएसपी ने ड्रॉप कॉल दर के ≤2% को पूरा किया। सभी टीएसपी सीएसएसआर का =95% को पूरा कर चुके हैं। क्रमशः टाटा और एयरटेल के 3जी और 4जी नेटवर्क में अधिकतम थ्रूपुट देखे गए हैं।

(ङ.) वाराणसी शहरः केवल वीआईएल (वोडाफोन) वीओएलटीई को छोड़कर सभी टीएसपी ने ड्रॉप कॉल दर के ≤2% को पूरा किया। केवल वीआईएल (आइडिया) 3जी को छोड़कर सभी टीएसपी सीएसएसआर का =95% को पूरा कर चुके हैं। क्रमशः वीआईएल (आइडिया) और एयरटेल के 3जी और 4जी नेटवर्क में अधिकतम थ्रूपुट देखे गए हैं।

4. पूरी रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.analytics.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/सूचना के लिए श्री असित कादयान, सलाहकार (क्यूओएस) से टेलीफोन नंबर +91–11–23230404 या ईमेलः advqos@trai.gov.in द्वारा संपर्क किया जा सकता है।

(एस. के. गुप्ता)
सचिव, भादूविप्रा

अस्वीकरण: यह विज्ञप्ति / निविदा मूलरूप से अंग्रेजी में लिखित विज्ञप्ति / निविदा का हिंदी अनुवाद हैं। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित यह विज्ञप्ति / निविदा मान्य होगी।